प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 11.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:—**

1— नवा रायपुर में खुलेगी प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट—मुख्यमंत्री ने आज प्लांट की आधारशिला रखी।

2— मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कोयला मंत्री ने आज रायपुर में खनिज विभाग के कामकाज की समीक्षा की—कहा कि क्रिटिकल खनिजों के अन्वेषण को प्राथमिकता दी जा रही है।

3— नारायणपुर जिले में आज पांच माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4— प्रदेश में कल एक—दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>सेमीकंडक्टर यूनिट</u>**

नवा रायपुर में प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर यूनिट खुलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनी पोलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट की आधारशिला रखी। इस प्लांट की स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। यह कंपनी सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक है, जो राज्य में एक हजार एक सौ तैंतालीस करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ा कारखाना स्थापित करेगी। डेढ़ लाख वर्ग फीट में बनने वाला यह प्लांट वर्ष दो हजार तीस तक दस अरब चिप्स तैयार करेगा, जिनका उपयोग टेलीकॉम, सिक्सजी—सेवनजी, लैपटॉप और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में सेमीकंडक्टर उद्योग को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कारगर साबित होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवा रायपुर निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ की सिलिकॉन वैली के रूप में उभरेगा।

**इस अवसर पर कंपनी के सीईओ और प्रबंध निदेशक ईश्वर राव नंदम ने कहा कि इस प्लांट में पांच सौ से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा और यहां फाईव.जीए सिक्स.जी के साथ ही भविष्य में आने वाले स्पेक्ट्रम के लिए चिप्स बनाए जाएंगे।**

**बाईट — ईश्वर राव नंदम (15 सेकेंड)**

समारोह में मुख्यमंत्री ने इस संयंत्र में कार्य करने वाले युवाओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और आवास तथा पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी भी मौजूद थे।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज नवा रायपुर के सीबीडी स्थित कमर्शियल टॉवर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज को तैंतीस हजार वर्गफुट का पूरी तरह सुसज्जित ऑफिस स्पेस आबंटित किया। यह आधुनिक ऑफिस स्पेस ग्यारह करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस पहल का उद्देश्य नवा रायपुर को भारत का अगला प्रमुख आईटी हब बनाना है।

## मुख्यमंत्री–कोयला मंत्री–खनिज समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज रायपुर में खनिज विभाग के कामकाज की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ समन्वय से खनन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की भागीदारी को और अधिक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग द्वारा अन्वेषण योजना में व्यापक बदलाव करते हुए क्रिटिकल खनिजों के अन्वेषण को प्राथमिकता दी जा रही है।
इस अवसर पर केंद्रीय खान मंत्री श्री रेड्डी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में 'क्रिटिकल मिनरल्स' और खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ ने इस दिशा में जो अग्रणी कदम उठाए हैं, वे भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं।
इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने खनन क्षेत्रों में बढ़ रहे यातायात के दबाव और नागरिक सुरक्षा को देखते हुए कोयला परिवहन के लिए बनाए जा रहे डैडीकेटेड कोल कॉरिडोर की प्रगति की भी जानकारी ली।
इस मौके पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने कटघोरा लिथियम ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस अनुबंध दस्तावेज और चार लौह अयस्क ब्लॉक्स के प्रीफर्ड बिडर आदेश सफल बोलीदाताओं को प्रदान किए।

## मुख्यमंत्री–ई–ऑटो सेवा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में एक नई पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सेवा ई–ऑटो का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह सेवा नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन **"बिहान"** के सहयोग से शुरू की गई है।
ई–ऑटो सेवा का संचालन महिला स्व–सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा, जिसमें तीन क्लस्टरों के पन्द्रह ग्राम संगठनों की कुल चालीस महिला सदस्य शामिल हैं। ई–ऑटो सेवा एक सौ तीस किलोमीटर के दायरे में आवासीय क्षेत्रों, कार्यालयों, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और जंगल सफारी जैसे प्रमुख स्थानों को जोड़ेगी।

## एल्कलाइन वॉटर बॉटलिंग प्लांट–शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर अटल नगर के पचेड़ा में **'झरिया'** एल्कलाइन वॉटर बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ किया। इस प्लांट का संचालन पचेड़ा, अभनपुर के शारदा स्व–सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एल्कलाइन जल शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने झरिया मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल को भी लॉन्च किया।
इस प्लांट की स्थापना नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन **'बिहान'** के संयुक्त सहयोग से की गई है। इस प्लांट का संचालन समूह की दस महिलाएं कर रही हैं।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में आज पांच माओवादियों ने हथियार के साथ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से दो माओवादियों पर तीन लाख रूपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पित माओवादी में जनताना सरकार अध्यक्ष और डी. के. एम. एस अध्यक्ष भी शामिल हैं। ये सभी माओवादी कुतुल एरिया कमेटी के अन्तर्गत परलकोट में एलओएस सदस्य के रूप में सक्रिय थे। इन माओवादियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में पचास–पचास हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा उन्हें राज्य सरकार की नई नक्सल उन्मुलन नीति के तहत् मिलने वाली अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी।

## राज्यपाल–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका आज दुर्ग स्थित के.के. मोदी विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सड़सठ विद्यार्थियों को बी–टेक, बीबीए और बीसीए की डिग्री प्रदान की। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा, समाज को बदलने, व्यक्तियों को सशक्त बनाने और एक मजबूत

राष्ट्र के निर्माण के लिए सबसे शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं से आग्रह किया कि वे केवल नौकरी की तलाश न करें, बल्कि नौकरी का सृजन करने वाले बनें। साहसी बनें, जोखिम उठाएं और वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए अभिनव समाधान लाएं।

## वेव्स

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रचनात्मक क्षेत्र से उभरती अर्थव्यवस्था में महाराष्ट्र और मुंबई का विशेष महत्व है। तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी के दौर में इसे बनाए रखने के लिए मुम्बई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स आयोजित किया जा रहा है। श्री वैष्णव महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मुम्बई में वेव्स के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री फडणवीस ने बताया कि वेव्स इस क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा सम्मेलन है।

## मुख्यमंत्री–सम्मान समारोह

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल धमतरी जिले के रांकाडीह में आयोजित कंवर पैकरा समाज के नव–निर्वाचित आदिवासी पंचायत जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह और धमतरी राज कंवर पैकरा समाज के वार्षिक महासभा में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने धमतरी में कंवर समाज भवन के लिए पचास लाख और केकराखोली मार्ग में पुल निर्माण के लिए तीस लाख रूपये देने की घोषणा की।
मुख्यमंत्री, महासमुंद जिले के खल्लारी में आयोजित आदिवासी कंवर–पैंकरा समाज महासभा और वार्षिक अधिवेशन में भी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साय ने पचपन लाख रूपए के विकास कार्यों की घोषणा की।

## मुंगेली–साइबर जागरूकता

साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए नये–नये हथकंडे अपना रहे हैं। पुलिस को पता चला है कि कुछ लोगों के पास ऐसे फर्जी कॉल या सोशल मीडिया के माध्यम से मैसेज आ रहे हैं, जिसके अनुसार उनके बच्चे दसवीं या बारहवीं की परीक्षा में फेल हो गए हैं। ये ठग परीक्षा में उत्तीर्ण कराने और अच्छे अंक दिलाने के नाम पर लोगों से पैसों की मांग करते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे कोई भी कॉल या मैसेज आने पर तुरंत नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर – **एक नौ तीन शून्य** में शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराएं।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम **''बातों–बातों में''** के तहत इस बार **नये वक्फ अधिनियम पर छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज** से ली गई विशेष भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम कल बारह अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## दुर्घटना

दुर्ग जिले के महाराजा चौक के पास आज तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में आठ महिला सफाईकर्मी और ऑटो चालक घायल हो गए। इनमें से चार की हालत गंभीर बताई गई है। सभी घायलों का इलाज दुर्ग जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही महापौर अलका बाघमार घायलों से मिलने जिला अस्पताल पहुंची।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके अलावा मौसम विभाग ने राज्य के कुछ स्थानों में अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– पद्म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन प्रक्रिया इकतीस जुलाई तक की जा सकेगी। पुरस्कार विजेताओं के नाम गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाएंगे। नामांकन की प्रक्रिया पन्द्रह मार्च से प्रारंभ हो चुकी है।

– यात्रियों की समस्याओं को सुनने और रेलवे सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से आज रायपुर रेल मंडल के मुख्य रेलवे स्टेशन रायपुर और दुर्ग में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

– दुर्ग जिले में छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में कांग्रेस अट्ठारह से इक्कीस अप्रैल के बीच दुर्ग से रायपुर तक पदयात्रा निकालेगी। इक्कीस अप्रैल को रायपुर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

और

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के गुल्लीडांड और करगीकला गांव में भालू के हमले से तीन महिलाएं घायल हो गई हैं।

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**